राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस : 4 सितंबर 2019

1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केन्द्रों या स्कूलों में कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेंडाजोल) निःशुल्क खिलाएं।
जो बच्चे छूट जाएं उन्हें 11 सितंबर 2019 को दवाई जरूर खिलाएं

कृमि संक्रमण से बचाव के लिए

कृमि नियंत्रण की दवाई से बच्चों के संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास में मदद मिलती है

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR. 215620 Health Med Edu and Family Welfare 19-20

एक नजर में

निरसा चौक पर लॉटरी टिकट बेचते दो युवक गिरफ्तार

निरसा : निरसा पुलिस ने रविवार शाम में निरसा चौक के समीप प्रतिबंधित लॉटरी टिकट बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। निरसा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। निरसा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि निरसा चौक के समीप कुछ लोग लॉटरी टिकट बेच रहे हैं। पुलिस ने छापेमारी की तो वहां नंदकिशोर साव एवं महावीर साव लॉटरी टिकट के साथ पकड़े गए। अन्य लॉटरी टिकट बेचने वाले भागने में सफल रहे। पुलिस ने उन लोगों के पास से काफी मात्रा में विभिन्न राज्यों के प्रतिबंधित लॉटरी टिकट भी जब्त किया है। (संस)

सीसीटीवी की मदद से चिरकुंडा में चोर धराया

चिरकुंडा : चिरकुंडा थाना क्षेत्र के कुमारधुबी स्टेशन रोड निवासी अंजनी कुमार मिश्रा के बंद गल्ला दुकान के पीछे स्थित घर के गेट से अंदर घुसकर रविवार को दिन नें दुकान के गल्ले से करीब आठ हजार रुपये नकद चोरी हो गई। अंजनी ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला गया तो पता चला कि स्थानीय झोपड़पट्टी निवासी सोनू पासवान ने चोरी की है। लोगों ने सोनू को पकड़कर चिरकुंडा पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में सोनू ने अपराध स्वीकार कर लिया। (संस)

पुलिस के हत्थे चढ़ा दहेज प्रताड़ना का आरोपित युवक

सिजुआ : प्रताड़ना का आरोपित गोपाल बर्मन को चंद्रपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जोगता पुलिस को सौंप दिया। भेलाटांड़ की प्रीति देवी ने झुमरीतिलैया देवीमंडप निवासी पति भोला बर्मन, सास गीता देवी, देवर गोपाल बर्मन, कन्हैया बर्मन तथा ननद के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की शिकायत की थी। (संस)

अनाथ बालक की मदद

बलियापुर : सामाजिक संगठन युवा क्रांति के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार चौधरी के नेतृत्व में रविवार को संस्था के पदाधिकारियों ने चालधवा गांव का दौरा किया। गांव के अनाथ , असहाय 12 वर्षीय बालक दीपक मुर्मू से मिलकर उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। अजीत मलिक, सुबल महतो, सुशांत कुमार बाउरी, गणेश साहू थे। (संस)

परसबनिया पंचायत को नशा मुक्त करने निर्णय

बलियापुर : परसबनिया पंचायत भवन परिसर में रविवार को मुखिया पेमिया देवी के नेतृत्व में नशा मुक्ति ग्राम सभा हुई। पंचायत को नशा मुक्त करने की दिशा में चलाए जा रहे आंदोलन के तहत आगामी 13 सितंबर को पंचायत क्षेत्र में फिर एक बार जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। कमली देवी, पूर्णिमा देवी, लकी देवी, बालिका देवी, गायत्री देवी, फूलकुमारी देवी, सुलोचना देवी, शोभा देवी आदि थीं। (संस)

सिंदरी जलापूर्ति के मजदूरों ने लगाई न्याय की गुहार

सिंदरी : हर्ल प्रबंधन की ओर से सिंदरी की जलापूर्ति व्यवस्था के अधिग्रहण के साथ ही यहां के मजदूरों की समस्या उत्पन्न हो गई है। यहां लगभग 70 मजदूर अस्थायी रूप से काम करते थे। सभी मजदूरों के पास रखरखाव और अनुरक्षण का अनुभव था। अधिग्रहण करते ही हर्ल ने अपने कर्मचारियों को नियुक्त कर दिया है। खाद कारखाना के जलापूर्ति व्यवस्था में काम कर रहे मजदूरों ने सांसद पीएन सिंह व हर्ल प्रबंधन को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। (संस)

खतरे में कोलकर्मियों की जान

भूली एक ब्लॉक में दीवार ढहने से चार जख्मी, बरोरा की हरिणा कॉलोनी में छज्जा गिरा

जासं,भूली : ए ब्लॉक आवास संख्या 523 निवासी बीसीसीएल कर्मी रवींद्र नाथ सिंह के आवास की चहारदीवारी रविवार को ढह गई। इससे चार लोग जख्मी हो गए। घायलों में तीन बच्चे और एक महिला शामिल है। घायलों को वर्मा क्लिनिक, जबकि एक बच्चे अर्जुन ठाकुर को असर्फी अस्पताल लाया गया। अर्जुन का होंठ कट चुका था। वह दर्द से तड़प रहा था।

होठ के इलाज में अधिक खर्च के कारण परिजनों ने बच्चे को पीएमसीएच में भर्ती कराया है। घायल होने वालों में सोनू कुमार (12), लक्ष्मी कुमारी (9), सीमा देवी (32) अर्जुन ठाकुर(4) शामिल हैं।

घटना को दबाने के लिए मीडिया से उलझे परिजन : घटना को छुपाने की पुरजोर कोशिश की गई। बीसीसीएल कर्मी रवींद्र सिंह के घर की एक महिला ने मीडिया कर्मियों को पहले फोटो लेने से रोका। इसके बाद अपनी पहचान दिखाने लगी और उन्होंने एक बीजेपी नेता को फोन लगाकर मीडियाकर्मियों को दिया। बीजेपी नेता ने कहा की छोड़ दीजिए अपना आदमी है।

दीवार ढहने से घायल बालक ● जागरण

अस्पताल में इलाजरत सीमा देवी ● जागरण

मरम्मत के बाद भी सुधार नहीं

संस, बरोरा : हरिणा कॉलोनी स्थित तीन मंजिला आवास का छज्जा जोरदार आवाज के साथ गिर गया। इस हादसे में वहां रह रहे लोग बाल-बाल बच गये। छज्जा गिरने की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग अपने घरों से निकल इमारत के पास जमा हो गये। कॉलोनी के इमारतों में छज्जा गिरने का कोई यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व में भी कई इमारतों का छज्जा गिर चुका है। अभी तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं घटी है। बीसीसीएल प्रबंधन को अपने कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए छज्जों की मरम्मत करानी चाहिए। कॉलोनी के रखरखाव की जिम्मेदारी ब्लॉक दो क्षेत्र के पदाधिकारियों की है। दो वर्ष पूर्व ग्लोबल टेंडर से करोड़ों रुपये खर्च कर इन आवासों की मरम्मत कराई गई थी। इसके बावजूद इन आवासों की हालत जर्जर है। हरिणा कॉलोनी बीसीसीएल के मॉडल कालोनियों में से एक है। जिस कॉलोनी में दो क्षेत्र के जीएम सहित करीब दो सौ से अधिक अधिकारी एवं तीन सौ सीनियर स्टॉफ रहते हैं। इस कॉलोनी की हालत काफी गंभीर हो बनी हुई है। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

हरिणा आवासीय कॉलोनी में तीसरी मंजिल के आवास का गिरा छज्जा ● जागरण

निरसा के बालू घटों पर वाहनों को रोका

संस, निरसा : बालू का अवैध चालान काटने एवं आपसी वर्चस्व को लेकर रविवार को काशीडीह एवं आसपास के ग्रामीणों ने पांड्रा बेजरा, सिजुआ, पोलकेरा, मोराडीह स्थित बराकर नदी से बालू लेकर आ रहे वाहनों को काशीडीह गांव के पास रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस नदी के घाटों की नीलामी नहीं हुई है। फिर किस आधार पर सिजुआ एवं गोविंदपुर थाना क्षेत्र के सहराज में जबरन बालू लदे वाहनों से चालान काटा जा रहा है। जब तक बालू का चालान काटना बंद नहीं होगा, तब तक वाहनों का चलने नहीं दिया जाएगा।कुछ ग्रामीणों ने कहा कि अवैध चालान काटने से अपना घर बनाने के लिए भी महंगा बालू खरीदना पड़ रहा है। खनन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। परंतु विभाग ने कोई कारगर कदम नहीं उठाया है। मजबूरन हमलोगों को यह कदम उठाना पड़ा। निरसा थाना प्रभारी उमेश प्रसाद सिंह का कहना है कि सूचना मिली है कि कुछ लोगों ने बालू लदे वाहनों को रोका है। पुलिस घटनास्थल के लिए प्रस्थान कर गई है। कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

हाईटेंशन तार गिरने से झरिया में अफरातफरी

धर्मशाला रोड झरिया में सड़क पर टूटकर गिरा बिजली का तार ● जागरण

संस, झरिया : झरिया शहर की घनी आबादी वाले क्षेत्र धर्मशाला रोड में रविवार की देर शाम हाईटेंशन तार टूट कर सड़क में गिर गया। तार के गिरने से लोगों में भगदड़ मच गई। सड़क पर आते-जाते कई लोग बाल-बाल बच गए। तार में लगातार करंट आने की वजह से कुछ देर तक गाड़ियों की कतार लग गई।

आसपास के लोगों की सक्रियता से बड़ी घटना टल गई। लोगों ने घटना की जानकारी बिजली विभाग को मोबाइल से दी। बिजली विभाग के कर्मियों ने बिजली आपूर्ति बंद करा मौके पर पहुंचे। तार मरम्मत का काम शुरू किया। तार के गिरने से दो घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति ठप रही। इसके बाद भी बिजली का रात तक आना-जाना शहर में लगा रहा। लोगों ने बताया की बिजली विभाग की ओर से शहर के विद्युत तार व पोल की ठीक से देखरेख नहीं किये जाने से घटना हुई। तार गार्ड के नहीं रहने से शहर में बिजली हादसा का डर बना हुआ है। बिना गार्ड के हाईटेंशन तार से कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा कि तार की मरम्मत कर दो घंटे के बाद बिजली बहाल कर दी गई।

शिवलीबाड़ी में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

संस, कुमारधुबी : शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत स्थित पंचायत सचिवालय में रविवार को निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगा। शिविर का उद्घाटन पंचायत के मुखिया मो. सनोवर ने किया। स्पेक्ट्रम अस्पताल के चिकित्सकों ने 179 लोगों की जांच की। अस्पताल के कार्यपालक निदेशक शमामा औसाल ने बताया कि अस्पताल क्षेत्र के गरीब असहाय लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्येक पंचायत में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। मौके पर डॉ. हरेंद्र कुमार, डॉ. अफजल, डॉ. नंदोगोपाल चक्रवर्ती, डॉ. एम कुमार, कोयली पांजा, जयंतो मुखर्जी, अरूप नायक, हलीम अंसारी, डाली कुमारी, बबीता देवी, शालिनी दास, सोनी कुमारी, भरत सिंह, उपमुखिया मुस्तकीम अंसारी, वार्ड पार्षद रिंकू खान, मनव्वर आदि उपस्थित थे।

महिलाओं के लिए योजना लाएगा लायंस क्लब

संस, बाघमारा : लायंस क्लब शीघ्र ही महिलाओं के लिए हाइजीन तथा बच्चों के मासूम कार्यक्रम को धरातल पर उतारेगा। रविवार को डुमरा गेस्ट हाउस में क्लब के रीजनल सात के जोन ए की बैठक में यह निर्णय लिया गया। चाइल्डलाइन धनबाद द्वारा महिला बाल विकास मंत्रालय के निर्देश पर क्लब के सदस्यों को इन विषयों पर ट्रेनिंग दी गई। क्लब बाघमारा, बाघमारा सेंटेनियल, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो थर्मल, चास तथा झुमरीतिलैया के पदाधिकारियों भाग लिया।

जोनल अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने पूरे साल की रूपरेखा रखते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थिति में क्लब ने महिला, बच्चों व स्वच्छता को अपना अभियान बनाया है। स्वस्थ महिला हमारे समाज की रीढ़ है, महिला अगर स्वस्थ्य रहेगी तो पूरे परिवार को स्वस्थ रखने का काम करेगी। ठोस कचरा प्रबंधन पर व्यापक कार्य करने की योजना है, जिसमें पॉलीथिन के प्रयोग की जगह पर जुट या कपड़े के थैले का उपयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। हमारा उद्देश्य कचड़े की धारा में प्लास्टिक थैले का प्रवाह रोकना है। सुजीत अंबष्ट, मधुकर सिन्हा, इंद्रदेव सिंह, माधुरी सिंह, स्नेह वर्मा, मानस मुखर्जी, भानु गिरी, प्रकाश ठक्कर, नागेन्द्र साव, मदन मोहन, सागर गुप्ता, सुनील सिंह, मदन मोहन महतो, उदय साहू, डॉ. सौरभ, दीपक प्रसाद आदि मौजूद थे।

डुमरा गेस्ट हाउस में बैठक के लिए पहुंचे लायंस क्लब के पदाधिकारी ● जागरण

आरपीएफ जवानों की मदद से मिला मोबाइल

संस, चिरकुंडा : आरपीएफ पोस्ट के हेड कांस्टेबल आशीष राय एवं बबलू बैठा कुमारधुबी स्टेशन पर डयूटी दे रहे थे। प्लेटफार्म एक पर जवानों को एक स्मार्ट फोन मिला। प्लेटफार्म पर उपस्थित लोगों से मोबाइल के बारे में पूछताछ की तो किसी ने मोबाइल को अपना नहीं बताया। बाद में मोबाइल पर मौजूद कुछ नंबरों से संपर्क करने पर जवानों को पता चला कि मोबाइल कुमारधुबी के अनूप राणा का है। जवानों ने अनूप को सूचना भिजवाकर उन्हें मोबाइल लौटा दिया।

एके राय को दी श्रद्धांजलि

संस, बलियापुर : झारखंड संस्कृति रक्षा समिति ने रविवार को क्षेत्र के दूधिया पंचायत भवन में पूर्व सांसद स्व. एके राय को श्रद्धांजलि दी। मौके पर राय दा के समाज विकास में किए गए कार्यों

समूह नृत्य में गीतांजलि के बच्चों ने मचाई धूम

संस, निरसा : गीतांजलि म्यूजिक कॉलेज निरसा ने रविवार को नृत्य, गीत एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया। गीत प्रतियोगिता में मंजू बागती, संजय कर्मकार, सुमीत विशाल, मोऊ बागती, दीपानीता सरकार, वर्षा दे, श्रेया मिश्रा, गंगा विशाल, सुदेशना विशाल, मुनमुन पात्रों एवं रॉबर्ट महतो विजेता बने। चित्रांकन में सौरभ पाल, रौनक कुमार, पूर्णिमा दे, बंदना कुमारी, दीपशिखा हलधर, संचित्रा मंडल, सलोनी डिसूजा, सिमरन कुमारी, श्रेया मिश्रा, नंदिता भारती, कोमल कुमारी सफल रहे। नृत्य में रिया बागती, इशिता दत्ता, लवली दास, मोऊ बागती, अंशिका रवानी, जयंती कुंभकार, सोमप्रिया, अंशुप्रिया विजेता रहे।

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LIMITED
(A Government of India Enterprise)
Office of LPG SBU, East Zone
Purbanchal Bhavan 2nd Floor, 771 Anandapur, Near E M Bye Pass, Kolkata - 700 107

गैर घरेलू एलपीजी वितरकों की नियुक्ति हेतु सूचना

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) झारखंड राज्य में वाणिज्यिक और औद्योगिक ग्राहकों के लिए गैर-घरेलू पैक्ड एलपीजी के विपणन के लिए विभिन्न गैर-घरेलू एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप नियुक्त करने का प्रस्ताव करता है। [illegible] www.hindustanpetroleum.com से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
[illegible] 30.09.2019 को या पहले सायं 17:30 बजे तक [illegible] "सभी संशोधन, [illegible] आदि केवल एचपीसीएल की वेबसाइट (www.hindustanpetroleum.com) पर प्रदर्शित किए जाएंगे। [illegible]"
[illegible]
(झारखंड)

#GiveItUp

राजगंज मैदान को बचाने की होगी पहल

संस, राजगंज : गंदगी के अंबार में सिमटा राजगंज पुस्तकालय का मैदान को अस्तित्व में लौटाने की पहल शुरू हो गई है। अगर कोशिश सफल हुई तो यहां के खिलाड़ियों को दूसरे जगह खेलने नहीं जाना पड़ेगा। इस ऐतिहासिक मैदान का अस्तित्व बचाने की पहल प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डू घोष ने की है। राजगंज पंचायत सचिवालय निरीक्षण के दौरान मैदान की स्थिति को देखा। उन्होंने कहा कि मैदान की दशा बदलेगी। वे शीघ्र खेल मंत्री अमर बाउरी से मिलकर मैदान की सफाई के अलावा सौंदर्यीकरण कराने की बात करेंगे। कोशिश रहेगी कि पुस्तकालय मैदान अपनी पुरानी शान के साथ वापस आ जाए।

मैथन में महिलाओं को स्वरोजगार का प्रशिक्षण

संस, मैथन : डीवीसी प्रबंधन महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए रविवार को डीवीसी के सीएसआर प्रशिक्षण कार्यालय में ठोंगा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। शीला कुमारी ने महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। मौके पर डीवीसी सीएसआर के वरीय प्रबंधक संजय महेशकर मौजूद थे।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
web : www.ircon.org, CIN-L45203DL1976GOI008171
ई-क्रय सूचना
ई-निविदा सं०: इरकॉन/2066/आरटीआर/पटना/निविदा/03-2019 दिनांक: 31.08.2019
कार्य का नामः "रामपुर डुमरा-टाल-राजेन्द्रपुल दोहरीकरण एवं अतिरिक्त पुल परियोजना के तहत, हाथीदह में बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज और मोकामा में पूर्व मध्य रेलवे के लिए बीआरआइ कार्यालय एवं स्टोर के नई इमारतों का निर्माण" के लिए अर्हता प्राप्त बोली लगाने वालों से दो चरणों में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है

कार्य का अनुमानित लागत	:	₹ 84,63,600/-
ई-बिड जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	:	23.09.2019 के 15.00 बजे तक

विस्तृत जानकारी एवं अपडेट के लिए वेबसाईट http://www.etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धि-पत्र, यदि कोई हुआ तो, केवल उपरोक्त वेबसाईट पर डाला जाएगा। महाप्रबंधक / सिविल / पीएच/मोकामा,
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
पहली मंजिल, सोन भवन, दारोगा प्रसाद राय पथ, पटना-800001, बिहार
फोनः +91-612-2506446 एवं 2506543, ई-मेलः ircon.2066@ircon.org

बदलाव में युवाओं की भागीदारी जरूरी : मथुरा

सस, राजगंज : भाजपा सरकार के कार्यकाल में विकास नहीं बल्कि भ्रष्टाचार में वृद्धि हुई है। इसका ताजा उदाहरण करोड़ों की लागत से बनी कोनार परियोजना नहर है। जो उद्घाटन के बाद ढह गया। यह बात पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो ने रविवार को राजगंज हटिया मैदान में झामुमो की बदलाव यात्रा की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में कही। मथुरा ने कहा कि प्रदेश के बदलाव में युवाओं की भागीदारी बहुत जरुरी है। राजगंज प्रखंड नहीं बनना दुर्भाग्य की बात है। सुमित्रो दे, प्रमोद रवानी, पवन महतो, रवींद्र महतो, आशीष पासवान, गोबिंद महतो, निवास तिवारी, पंचानंद रवानी, नंदलाल महतो, मो सफरुल आदि मौजूद थे।

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
विदेश कुमार दां
झा.मु.मो. वरिष्ठ नेता
टुण्डी विधानसभा क्षेत्र

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
रवीन्द्र पाण्डेय
पूर्व सांसद गिरिडीह

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
गोपाल पाण्डेय
वरिष्ठ नेता, भाजपा, टुण्डी प्रखण्ड

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर टुण्डी थाना क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
सुधीर प्रसाद
इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी टुण्डी

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
मनीष कुमार साव
विधायक फुल्लु महतो के जिला प्रतिनिधि, धनबाद

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
विनोद कु. ठाकुर
रेंजर, टुण्डी

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
विनोद कु. ठाकुर
रेंजर, टुण्डी

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर मनियाडीह थाना क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
संजय भैया नाथ साह
मनियाडीह थाना प्रभारी, पश्चिमी टुण्डी

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर टुण्डी थाना क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
सुधीर प्रसाद
इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी टुण्डी

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
ऋषिकांत मिश्रा
कॉन्ट्रैक्टर एंड डेवलपर
राजाजोरी, टुण्डी

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
चम्पा देवी
मुखिया फतेहपुर पंचायत, पश्चिमी टुण्डी

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर टुण्डी क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
टुण्डी प्रखंड
सभी कर्मी

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
विजय मंडल
भाजपा पूर्व अध्यक्ष टुण्डी प्रखण्ड

तीज, कर्मा, जितिया एवं दुर्गापूजा के अवसर पर मनियाडीह थाना क्षेत्र के वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं
संजय भैया नाथ साह
मनियाडीह थाना प्रभारी, पश्चिमी टुण्डी

वीडियोकॉन पुनरप्रचालनशील होने की राह पर
(घोषणा)
वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, वीडियोकॉन समूह की एक भारतीय व्यवसायिक कम्पनी 12 अन्य समूह कम्पनियों के साथ, एनसीएलटी के आदेश दिनांकित 08 अगस्त, 2019 के अनुसरण में समेकित समाधान प्रक्रियाधीन है। इसके विशाल उपभोक्ता आधार तथा व्यापक वितरण एवं बिक्री नेटवर्क के चलते, समाधान प्रोफेशनल के अधीन कम्पनी, ग्राहक सेवा अवसंरचना को अनुरक्षित और परिरक्षित करते हुए तथा कम्पनी के मूल्यों के परिरक्षण के लिए आवश्यक विपणन योजना पर काम करते हुए प्रतिस्पर्धात्मकता अनुरक्षण हेतु प्रयास कर रही है।
श्री महेन्द्र कुमार खंडेलवाल, वीडियोकॉन हेतु समाधान प्रोफेशनल ने बताया "वीडियोकॉन अन्य 12 समूह कम्पनियों के साथ एनसीएलटी के आदेश दिनांकित 08 अगस्त, 2019 के अनुसरण में समेकित समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है तथा समाधान प्रक्रिया आईबीसी की अपेक्षाओं और एनसीएलटी के आदेश के अनुसार आगे की जाएगी। तथापि, उन व्यापार भागीदारों तथा ग्राहकों को समाधान प्रक्रिया के कारण बिक्री के पश्चात सेवा सहायता के कारण हुई असुविधाओं अथवा कठिनाइयों को दूर करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं, जिनके द्वारा वीडियोकॉन उत्पाद खरीदे गए हैं तथा खरीद रहे हैं। [illegible] मूल्यों के परिरक्षण हेतु सभी प्रयास किए जाएंगे तथा इस संबंध में, डीलर्स और ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के लिए नीतियों का क्रियान्वयन अतिरिक्त सावधानी के साथ जारी रखा जाएगा।"
श्री शेखर ज्योति, सीओओ वीडियोकॉन ने कहा "तीन दशकों से भी अधिक समय से उपभोक्ता केन्द्रित, हर घर का जाना-पहचाना नाम होने के कारण, वीडियोकॉन अपने ग्राहकों की पूंजी को सम्मानित मूल्य प्रदान करने हेतु अनेक पहल करता रहा है। आधुनिक चलन के नए आविष्कारी उत्पाद बेहद प्रतिस्पर्धी कीमत पर और उसके साथ मैत्रीपूर्ण सेवा सहायता वीडियोकॉन के यूएसपीज हैं।
(ADVT)

चिरकुंडा में युवाओं ने थामा मासस का दामन

मासस के मिलन समारोह में नए सदस्यों का स्वागत करते विधायक अरूप ● जागरण

संस, चिरकुंडा : चिरकुंडा नगर परिषद के कापासारा हाड़ीपाड़ा कालीमंदिर प्रांगण में रविवार को मासस का मिलन समारोह हुआ। विधायक अरूप चटर्जी की मौजूदगी में दर्जनों युवाओं व महिलाओं ने विभिन्न दलों को छोड़कर मासस का दामन थामा। विधायक ने माला पहनाकर सभी का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि आज के युवा ही देश के भविष्य है। कार्यकर्ता व जनता अच्छे कार्यों को देखकर ही प्रतिनिधि का चुनाव करते है, जनता सर्वोपरि है। मासस हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ रहती है और रहेगी। पिंटू शर्मा, दुलाल बाउरी, प्रकाश दास, जय गोरायी, चंदन बाउरी, रोबिन बाउरी, बापी बाउरी, राजेश बाउरी, छोटू बाउरी, उपासी बाउरी, मुन्नी बाउरी, कपुरा बाउरी, मीरा बाउरी, जुली बाउरी, चंदना बाउरी आदि मासस में शामिल हुए। प्रतीक मिश्रा, शांतनु तुरी, अमन सिंह, राकेश दास, छोटू पांडेय, सत्यम सिंह, शंकर साव मौजूद थे।

God Gift की सच्चे साँई धूप एवं चान्स प्रीमियम अगरबत्ती
CHANCE
God Gift सच्चे साँई धूप
निर्माताः तिरुपति इण्डस्ट्रीज नई दिल्ली
HELPLINE 93126-26013 9311026016, 011-25845222 www.tirupatiindustries.in